जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू (राज0)

क्रमांक :– 1005

दिनांक :– 02/03/2024

विज्ञप्ति

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के कार्यालय आदेश क्रमांक एफ–7(136)रालसा/संस्था/संविदा सेवा–वाहन/2023/101 दिनांक 27.02.2024, राजस्थान सरकार, विधि विभाग की आज्ञा संख्या पं. 08(1)विधि–2/विरसं(64)/2015 पार्ट II दिनांक 14.02.2024 के अनुसरण मे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती होने में विलम्ब की संभावना होने एव तत्कालिक आवश्यक्ता और अपरिहार्यता को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप मे राज्य सरकार के विभागो/पी.एस.यू. से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनू में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के स्वीकृत पदो के विरूद्ध संविदा सेवाओं के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक 01.04.2024 से 28.02.2025 तक अथवा नियमित भर्ती होने तक, जो भी पहले हो) हेतु निम्नानुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों के विरूद्ध विपरीत प्रतिनियुक्ति पर सेवाए निम्नानुसार ली जानी है :–

क्र.सं	कार्यालय	स्वीकृत (चतुर्थ श्रेणी) संविदा सेवा
01	जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू एवं अधिनस्थ ताल्लुकाओं हेतु	09

शर्ते :–

1. उक्त पदों पर सेवाओं के फलस्वरूप पारिश्रमिक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों, विनियमों के तहत देय होगा।
2. उक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाएं राज्य सरकार एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त आदेशों/निर्देशों/परिपत्रो के अध्यधीन प्रभावी रहेगी। उक्त सेवाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधिनस्थ तालुका विधिक सेवा समितियों मे रिक्त पदो के अनुसार ली जावेगी।
3. कार्मिक को नियुक्ति के समय नियमानुसार सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की सेवाऐं राज्य सरकार एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त आदेशो/निर्देशों/परिपत्रो के अध्यधीन प्रभावी रहेगी। उक्त सेवाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनू/नियंत्रणाधीन कार्यालयों के लिए रिक्त पदों के अनुसार ली जावेगी।

अतः सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संवर्ग मे सेवाऐ देने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 07.03.2024 को 1:00 पी.एम. तक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप मे भरकर संलग्न दस्तावेजात सहित जरिये ई–मेल dlsa22jhunjhunu@gmail.com अथवा व्यक्तिशः प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन फॉर्म https://districts.ecourts.gov.in/jhunjhunu की वेबसाईट से डाउनलोड किये जा सकते है। आवेदको को सलाह दी जाती है कि वे District Court jhunjhunu की उक्त वेबसाइट का अवलोकन अन्य निर्देशो बाबत् करते रहें।

—Sd—

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश),
झुंझुनू

क्रमांक :– 1006-1011

दिनांक :–02/03/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान् सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर।
2. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, झुंझुनू
3. जिला कलेक्टर, झुंझुनू को समस्त अधीनस्थ विभागो/PSUs मे सूचित करने बाबत्।
4. तालुका विधिक सेवा समिति, समस्त झुंझुनू
5. सिस्टम आफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, झुंझुनू को जिला न्यायालय, झुंझुनू की वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु
6. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

2/3/24

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश),
झुंझुनू